**दिनांक : 27/08/2026** **समय :7.10एएम**

**आकाशवाणी, भोपाल**

मुख्य समाचार:-

1. राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज प्रदेश के 24 स्थानों पर 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम होगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खिलाड़ियों और युवाओं से संवाद करेंगे।
2. नेपाल में भीषण बाढ़ से करीब 160 लोगों की मौत और 750 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर है, भारत ने राहत सामग्री और दवाओं की 10 टन खेप भेजी है।
3. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जबलपुर की व्हीकल फैक्ट्री में टी-72 टैंकों के ओवरहाल की 600 करोड़ रुपये की परियोजना का भूमि पूजन करेंगे।
4. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड के मालनपुर में गोदरेज की नई विनिर्माण इकाई का शुभारंभ किया, 450 करोड़ रुपये के निवेश से 600 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।
5. प्रदेश में मानसून सक्रिय है, दतिया में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

राष्ट्रीय खेल दिवस- प्रदेश

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज 'खेलो इंडिया संवाद- खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के 24 स्थानों पर किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर खिलाड़ियों, युवाओं और खेल प्रतिभाओं से संवाद करेंगे। भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों के शैक्षणिक संस्थानों में होने वाले इन कार्यक्रमों में सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। हरदा, बड़वानी और छतरपुर में केंद्रीय मंत्री भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों और खिलाड़ियों की सहभागिता के साथ खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा।

नेपाल- बाढ़

नेपाल में कल मध्य नेपाल में आई भीषण बाढ़ में करीब 160 लोगों की मौत हो गई और 133 भारतीय नागरिकों समेत 750 से अधिक लोग लापता हैं। तिब्बत से आई इस बाढ़ ने कई कस्बों और गांवों को तबाह कर दिया, महत्वपूर्ण पुलों को बहा ले गई और एक दर्जन जलविद्युत परियोजनाओं को ठप कर दिया। नेपाल के विदेश मंत्री शिसिर खनाल ने संसद को बताया कि तिब्बत क्षेत्र में सुबह स्थानीय समय के अनुसार 8 बजकर 37 मिनट पर आए भूकंप के तीन मिनट बाद भीषण बाढ़ शुरू हो गई। माना जा रहा है कि भूकंप के झटकों के कारण हिमखंड फट जाने से ये आपदा आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष बालेंद्र शाह से बात की और उन्हें हर संभव मानवीय सहायता का आश्वासन दिया। भारत ने मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री के साथ-साथ आवश्यक दवाओं के 10 टन सामग्री नेपाल को भेज दी है, जिसमें अस्थायी आश्रय, कंबल, स्वच्छता किट और सौर लैंप शामिल हैं। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों से संबंधित सहायता और जानकारी के लिए आपातकालीन नंबर जारी किए हैं। ये नंबर हैं- 977 985 131 6807 और 977 970 910 7500 नेपाल पर्यटन बोर्ड ने भी सहायता के लिए टोल-फ्री आपातकालीन नंबर 1234, हॉटलाइन 1144 और पर्यटक पुलिस नंबर 9851289445 सहित इसी तरह के नंबर जारी किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी नेपाल में हुई जनहानि पर संवेदना व्यक्त की।

ओंकारेश्वर-एकात्म धाम

ओंकारेश्वर में एकात्म धाम स्थित पंचायतन मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सुबह संतों और विशिष्ट अतिथियों के साथ 45 पवित्र शिलाओं का पूजन कर मंदिर निर्माण का शुभारंभ करेंगे। वैदिक अनुष्ठान के बीच हो रहे इस आयोजन में संत मंडल और विभिन्न पीठों के आचार्य शामिल हैं। पंचायतन मंदिर में भगवान शिव मुख्य देवता होंगे, जबकि भगवान विष्णु, सूर्य, गणेश और भगवती शक्ति के उप-देवालय होंगे। आयोजन के माध्यम से आदि शंकराचार्य की समन्वय और एकात्मता की परंपरा को आगे बढ़ाने का देंगे।

समान नागरिक संहिता-राज्यपाल

प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में कल राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विधानसभा से पारित समान नागरिक संहिता विधेयक को मंजूरी दे दी है। अब विधि एवं विधायी विभाग इसे राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजेगा। विधानसभा ने यह विधेयक 21 जुलाई को पारित किया था। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद विधेयक को राजपत्र में अधिसूचित कर इसके प्रावधान प्रदेश

में प्रभावी किए जा सकेंगे। प्रस्तावित कानून में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों के लिए समान कानूनी व्यवस्था का प्रावधान है।

रक्षा मंत्री-व्हीकल फैक्ट्री, जबलपुर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जबलपुर स्थित व्हीकल फैक्ट्री में टी-72 टैंकों के ओवरहाल की करीब 600 करोड़ रुपये की परियोजना का भूमि पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुरू हो रही इस परियोजना में टी-72 टैंकों के रखरखाव, मरम्मत और तकनीकी उन्नयन के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा। इससे सेना के बख्तरबंद बेड़े की परिचालन क्षमता मजबूत होने की उम्मीद है।

विनिर्माण इकाई,मालनपुर-मुख्यमंत्री

भिंड जिले के मालनपुर में कल गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की चौथी नवीन एकीकृत विनिर्माण इकाई का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुभारंभ किया। करीब 450 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश से स्थापित इस इकाई से 600 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश लगातार मूर्त रूप ले रहा है-

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोदरेज की नई इकाई से मालनपुर को एशिया की सबसे बड़ी एकीकृत साबुन विनिर्माण फैक्ट्री का गौरव मिला है। उन्होंने उद्योग समूह को जनवरी 2027 में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।

खाद्य सुरक्षा

रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए प्रदेश में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई जारी है। इंदौर में गुजरात से आई करीब 350 किलोग्राम मिठाई जब्त की गई है। खाद्य सुरक्षा टीम ने एक दुकान  से मिठाई के चार नमूने लिए। वहीं जबलपुर के पाटन में प्रतिबंधित एनालॉग मिल्क केक के करीब 40 किलोग्राम स्टॉक को जब्त किया गया और पांच मिठाई एवं खोवा दुकानों से सात नमूने लिए गए। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

मौसम

प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है। प्रदेश में अब तक औसतन 25 दशमलव 5 इंच बारिश हो चुकी है। हालांकि, बारिश अब भी सामान्य से 11 प्रतिशत कम है। मौसम विभाग ने आज दतिया  में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजगढ़,ग्वालियर, भिंड , रीवा, छतरपुर, टीकमगढ़ और  निवाड़ी में भी भारी बारिश की चेतावनी है। वहीं, रीवा में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जलभराव प्रभावित गायत्री नगर का जायजा लिया और नौ लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू कराया। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

1. धार जिले में परिवहन विभाग द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई ।
2. त्योहारों को ध्यान में रखते हुए आगरमालवा खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कल टीम ने चार मिष्ठान दुकानों से नमूने लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा है।
3. सतना जिले में जल जनित एवं संक्रामक रोगों के संभावित फैलाव को देखते हुए कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।
4. झाबुआ में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान- के तहत राणापुर विकासखंड में आज आयोजित होने वाला जन-विश्वास शिविर अब 29 अगस्त होगा।
5. वही मुरैना के बामौर में आज प्रस्तावित जन विश्वास कैंप अब 29 अगस्त को आयोजित किया जाएगा।
6. आमजन को बेहतर आधार सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंदसौर-नीमच डाक संभाग द्वारा 29 अगस्त को सेवा केंद्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा।

------------